52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 22.6°c अधिकतम 33.6 °c

**आवश्यक सूचना**

सम्मानित पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, आज आपका प्रिय दैनिक समाचार पत्र 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' 8 पृष्ठों का प्रकाशित किया जा रहा है, कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 8 पृष्ठ लेना न भूलें। - सम्पादक

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सांसद-विधायक 15 दिन में दें सड़कों के प्रस्ताव, धन की कमी नहीं : योगी



गैर भाजपाई सांसद-विधायक कृपया ध्यान दें......

सूर्योदय : 6:13 सूर्यास्त : 6:02 | वर्ष : 52/ अंक : 274 | बृहस्पतिवार, 03 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-08










52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 274 बृहस्पतिवार, 03 अक्टूबर 2024 अश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये



## बरेली में अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाके में पांच मकान गिरे, तीन महिलाओं की मौत

**बरेली, 2 अक्टूबर (एजेंसी)।** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में मंगलवार शाम को आतिशबाजी बनाते वक्त तेज धमाका हुआ, जिससे आसपास के पांच घर जमींदोज हो गए। घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई। पांच लोग घायल हुए हैं। कुछ लोग मलबे में दबे बताए गए हैं। पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बचाव कार्य शुरू कराया। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रहमान शाह के घर में अवैध रूप से पटाखा फैक्टरी चल रही थी। इसका लाइसेंस नासिर के नाम है। मंगलवार शाम को करीब पांच बजे पटाखा बनाते समय घर में तेज धमाका हुआ। इससे रहमान शाह के घर समेत आसपास के पांच घर जमींदोज हो गए। घरों में मौजूद लोग मलबे में दब गए। चीखपुकार मच गई। घटना में रहमान शाह के परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों को मलबे से गंभीर हालत में निकाला गया। इन्हें अस्पताल भेजा गया। मरने वालों में तबस्सुम पत्नी वाहिद, रुखसाना पत्नी रुखसार तथा एक अन्य मृतक की अभी पहचान नहीं हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश भी दिए हैं।

# महापवित्र नवरात्रों में चर्चाओं में चौलाई के लड्डू

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** कांवड़ यात्रा के दौरान से अपनी पवित्रता अपने आप ध्यान रखने का जागरण यशवीर महाराज द्वारा किया गया था। कौन शुद्ध भोजनालय के नाम से आपको क्या परोस रहा था, यह भी विभिन्न मूत्रों और रोटी पर थूकने की वीडियो से अंदाजा हो गया होगा, मगर अब उससे भी पवित्र त्यौहार आ चुका है, जिसे हम हर छः माह बाद नवरात्रों के रूप में मनाते हैं। कोई निर्जल रहकर इस व्रत को मनाता है तो कोई एक समय नमक का भोजन कर इन नवरात्रों में अपने शरीर को शुद्ध करने की कोशिश में लगा रहता है। इसके अलावा भी कई पवित्रताओं का ध्यान हिन्दू धर्म में रखा जाता है। मगर सबसे ज्यादा ध्यान भोजन का रखना होता है। बाजार का खाना खाने से इस दौरान परहेज ही होता दिखाई पड़ता है। फास्टफूड के ठेलों पर भी ऐसे में भीड़ कम दिखाई पड़ती है। चूंकि व्रत के दौरान मीठा खाने की मनाही नहीं होती, ऐसे में हम मीठे पेठे की मिठाई व चौलाई के लड्डू सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, मगर अब पहले जैसी घर में ये सब चीजे बनाने की परम्परा समाप्त हो चुकी है,



इसके लिए भी हम बाजारों की तरफ दौड़ते हैं, मगर बाजारों से चौलाई के लड्डू खरीददते समय पवित्रता एवं शुद्धता का ध्यान रखना भूल जाते हैं। उक्त चौलाई के लड्डू किस घर और किस कढ़ाई से बनकर आप तक पहुंच रहे हैं, यह आपको पता ही नहीं है। दरअसल चौलाई के लड्डू बनाने का काम भी अब ऐसे लोग ही करने लगे हैं, जिनके हाथ शुद्ध नहीं होते हैं और ऐसे में आप अंजाने में किसी भी ठेले अथवा दुकान से चौलाई के लड्डू लेकर खूब मजे से खा रहे हैं, मगर किसी दिन आपको वीडियो अथवा फोटो के माध्यम से जरूर दिखायेंगे कि उक्त चौलाई के लड्डू किस बेकद्री के साथ कहां और किस हाथ से बन रहे हैं। ऐसे में आपको खुद ही समाना होगा कि बाजार से उक्त लड्डू खरीदते समय कुछ बातें दुकानदार से अपने आप ही पूछ लें और बाजार में ऐसे दुकानदार भी बैठे है कि यें लड्डू कहां से बनकर आयें है और फिर भी वें मजबूरी का रोना रोते हुए अधिक पैसा कमाने की होड़ में आपके नवरात्रों को अपवित्र करने में लगे हुए हैं। ठीक ऐसा ही हाल रसीले दिखने वाले पेठे का भी है। किस कड़वाहट से कौन इस पेठे को बना रहा है, इस बात का भी पता आपको खरीदते और खाते हुए नहीं लगता। ऐसे में कांवड़ की तरह महापवित्र नवरात्रों में अपनी शुद्धता का ध्यान आपको अपने आप ही रखना होगा। हर काम के लिए आपको यशवीर महाराज जैसे लोग याद दिलाने के लिए सड़कों पर नहीं उतरेंगे। इसलिए नवरात्रों से पहले खुद ही सावधान होकर खुद ही चौलाई के लड्डू और पेठा खरीददते समय कुछ बातों का ध्यान जरूर रखिये। वैसे तो सम्भव हो तो अपने आसपड़ौस से, किसी गरीब महिला से अपनी आंखों के सामने उसे दो पैसे ज्यादा देकर ये सब सामान बनवा लें या खुद घर में बना लें, तो उससे बेहतर पवित्रता शायद कुछ ना होगी।

# कलश स्थापना के साथ आज से प्रारंभ होंगे नवरात्र

▸ मंदिर सजकर तैयार, घरों में विशेष पूजा और व्रत की तैयारियां पूर्ण







**मुजफ्फरनगर, 2 अक्टूबर (बु.)।** शारदीय नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहे हैं। इसके लिए नगर में जहां तमाम मंदिर सज कर तैयार हैं, वहीं घरों में कलश स्थापना के साथ व्रत रखने के लिए भी श्रद्धालु तैयारियों में जुटे रहे।

पितृ विसर्जनी अमावस्या के दिन आज जहां घरों में पितृ पक्ष के संपन्न होने के साथ पितृों की विदाई हुई, वहीं नगर में नवरात्र का उल्लास आज घरों से लेकर बाजारों तक में छाया रहा। नवरात्र के लिए जहां गांधी कॉलोनी के माता वैष्णोदेवी मंदिर में खास सज्जा के साथ प्रतिदिन होने वाले आयोजनों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं, वहीं शहर और नई मंडी के तमाम मंदिरों में आज साफ सफाई के साथ विशेष आयोजनों को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। नवरात्र के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। ऐसे में मां की विशेष सज्जा के साथ विशेष पूजा अर्चना की तैयारियां चल रही हैं। शहर समेत जिले भर में आज मंदिरों में तैयारियों का दौर चला। दूसरी ओर नवरात्र पर घरों में कलश स्थापना के साथ नौ दिन व्रत रखकर मां की आराधना के साथ विशेष पूजा अर्चना के लिए भी तैयारियां की गईं। नवरात्र में मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इसमें पहले दिन गुरुवार को मां के शैलपुत्री रूप की पूजा की जाएगी। इस बार माता का आगमन पालकी पर व गमन मुर्गा पर हो रहा है। यह अच्छा नहीं माना जा रहा है। नवरात्र में सां-

शेष - पृष्ठ-4 पर

# जीरा मच्छरों का हमला

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** नगर में पिछले सप्ताह से खाना खाते समय यही नहीं पता चल पा रहा है कि मच्छर खा रहे हैं या जीरा। कभी दाल, कभी रोटी, कभी चाय में पत्ती की तरह तैरते ये मच्छर कन्फ्यूजन में डाल रहे हैं। दाल में गौर से देखो तो कभी लगता है जीरा है और कभी लगता है मच्छर है। बड़ी बात यह है कि मुंह में जाने के बाद टेस्ट का भी पता नहीं चल पा रहा है। अमूमन मच्छर मुंह में घुस जाये तो अजीब सी खराब गले में होती महसूस होती है और कभी-कभी तो खांसी भी उठ जाती है। मगर इस मच्छर में से ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इस मच्छर की एक खूबी और दिखाई पड़ रही है कि संख्या में तो यह भिरड के छत्तों से भी ज्यादा दिख रहे हैं, मगर काटने का पता किसी को नहीं चलता। आराम से भारी संख्या में यह मच्छर हर घर में, हर गली में लाइटों पर मंडराता दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में नगरपालिका द्वारा फोगिंग की आवश्यकता



दिखाई पड़ रही है। नगरपालिका यदि एक बार फोगिंग कराकर देख ले तो शायद उक्त मच्छर का समाधान हो सकता है। वैसे तो इस मच्छर से लोगों ने संख्या के अलावा ज्यादा परेशानी कोई नहीं बताई। बस परेशानी लोगों को यह है कि शाम को खाना खाते समय कौन शाकाहारी व्यक्ति कब मांसाहारी हो जाये, यह पता नहीं लग पा रहा है और कितनी संख्या में यह मच्छर पेट में जा रहे हैं इसका भी अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। अब देखना यह होगा कि नगरपालिका अपने फोंगिग अभियान को कब चलाती है और जनता को इस परेशानी से निजात दिलाती है।

## दिल्ली में 56सौ करोड़ से अधिक की ड्रग्स के साथ चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 2 अक्टूबर (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक इंटरनेशनल गिरोह का पदार्फाश कर 562 किलो कोकीन और 40 किलो मेरवाना बरामद किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थों की कीमत 56 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 562 किलो से ज्यादा की कोकीन को बरामद किया गया। इसकी कीमत 56 सौ करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल फिलहाल नार्को-टेरर एंगल की जांच कर रही है। कोकीन आखिर इतनी मात्रा में राजधानी में कैसे आई। इस गिरोह का कनेक्शन किन-किन लोगों से है। इस गिरोह का सरगना कौन है। ऐसे कई सवालों के जवाब के लिए दिल्ली पुलिस पकड़े गए आरोपियों से सख्ती से पूछताछ कर रही है।

## शाम के समय वाहन चालकों की आंखों, मुंह व नाक में घुस रहा मच्छर

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** जैसा की जीरा मच्छरों की चर्चा चल रही है। उक्त मच्छर जीरे की तरह खाया तो जा ही रहा है, साथ ही साथ शाम ढलते ही जैसे लाइट खुलती है अपने आप वाहन चालकों के मुंह, आंख, नाक व कान में आता दिखाई पड़ रहा है। तेज वाहन चलाते समय कब आपकी आंखों में मच्छर गिर जायेगा यह पता ही नहीं चल पायेगा। ऐसे में शाम के समय सफेद चश्मा लगाकर अवश्य चलें और मोटरसाइकिल पर चलते समय अपना मुंह पूरी तरह बन्द रखें, नहीं तो यह मच्छर कभी मुंह के अतिरिक्त आंख, नाक व कान के जरिये भी आपके शरीर में प्रवेश कर सकता है।

## अतुल कुमार ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी पद वापस लिया

**मुजफ्फरनगर, 2 अक्टूबर (बु.)।** विगत दिनों छुट्टी के लिए पत्नी द्वारा डीएम को फोन किए जाने के मामले को लेकर चर्चा में आए अतुल कुमार से नगर पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी का पद वापस ले लिया गया है। सीएमओ ने उन्हें उनके मूल पद पर बघरा क्षेत्र में पीनना पीएचसी पर वापस भेज दिया है। ज्ञात रहे कि बेटे की बीमारी के चलते अतुल कुमार ने अवकाश मांगा था। स्वच्छता अभियान के चलते अवकाश ना मिलने पर उनकी पत्नी ने सीधे डीएम को फोन कर अपनी व्यथा सुनाई तो अतुल कुमार को अवकाश दे दिया गया था। अब उन्हें नगर स्वास्थ्य अधिकारी पद से हटाकर मूल पद पीनना पीएचसी में भेज दिया गया है।

## मां दुर्गा की प्रथम शक्ति

**।। शैलपुत्री ।।**



वन्दे वाण्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

# उत्तराखंड के मूल स्वरूप संग बनाएंगे देश का पहला राज्यः धामी

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** रामपुर तिराहा पर स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित सभा में उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए

### रामपुर तिराहा कांड की 30वीं बरसी पर मुख्यमंत्री ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

कहा कि हमारी सरकार देवभूमि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को कायम रखने के लिए प्रदेश के जनसांख्यिकीय संतुलन को कायम रखने की चुनौती से लड़ रहा है, जो अलग राज्य से बड़ा आंदोलन है और आंदोलनकारी लोगों व शहीदों के परिवारों को इस चुनौती से निपटने में सरकार का साथ देना होगा। उन्होंने दावा किया कि इसके लिए धर्मान्तरण कानून लागू करने के साथ दंगा विरोधी कानून लेकर आए। वहीं यूसीसी लागू कर, उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है वहीं अब सशक्त भू-कानून ला रहे हैं।







बुधवार को रामपुर तिराहा गोली कांड की 30वीं बरसी पर शहीद स्मारक पर संस्कृति विभाग उत्तराखंड की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह शहीद स्मारक हमें एक काले अध्याय की याद दिलाता है। दो अक्टूबर वो दिन बेहद दुःखद था। आज हम उन बलिदानियों को नमन करने यहां आये, जिनके सर्वोच्च बलिदान से उत्तराखंड राज्य मिला। आंदोलन के दौरान मैं बहुत छोटा था, लेकिन






इसी वीभत्सा मुझे याद है। उस दौर में आंदोलनकारियों ने मां की ममता को छोड़ा और बहनों की राखियों को त्यागा। त्यौहारों की खुशियां भुलाकर अलग राज्य अधिकार पाने के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन करने निकल गये थे। 1 सितम्बर 1994 को खटीमा में पहला गोली कांड हुआ, जिसमें 7 लोग शहीद हुए। दो सितम्बर को मसूरी गोली कांड और 2 अक्टूबर के रामपुर तिराहा कांड ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दी। तत्कालीन सरकार के आदेश पर निहत्थे आंदोलनकारियों पर गोलियां चलाई और महिलाओं की अस्मत के साथ बर्बरता हुई। वो कौन भूल पायेगा। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में राज्य के लोगों को सबसे क्रूर व गहरा जख्म रामपुर तिराहा कांड ने दिया। जिन घरों में त्यौहार आने की खुशियां थी, वहां मातम पसरा था। लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। इन शहीदों ने हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपने वर्तमान को बलिदान कर शहादत पेश की। पूरा राज्य इन शहीदों का ऋणी है, यह कर्ज हम नहीं उतार सकते। हमने इन शहीदों के सपनों का राज्य बनाने के लिए पहले दिन से काम किया है और राज्य की जनता ने हमारे काम को

शेष - पृष्ठ-8 पर

## दिन निकलते ही भाई ने ही भाई पर चला दी गोली

**मुजफ्फरनगर, 2 अक्टूबर (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के फक्करशाह चौक पर बुधवार को दिन निकलते ही गोली चलने की सूचना मिली। घायल को पैर में गोली लगने के बाद उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि खालापार के मौहल्ला फक्करशाह निवासी सबरूदीन ने अपने बड़े भाई फखरूद्दीन पर गोली चला दी। उक्त गोली फखरूद्दीन के पैर में जा लगी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। गोली की आवाज से मौके पर भीड़ जमा हो गयी और पुलिस भी मौके पर जा पहुंची। हाथोंहाथ पुलिस ने आरोपी छोटे भाई सबरूद्दीन को हिरासत में ले लिया। थाना



प्रभारी ने बताया कि फखरूद्दीन पर उसके छोटे भाई ने चार फायर किये थे जिसमें से एक ही गोली उसको लगी। बताया जा रहा है कि दोनों भाईयों के बीच एक पत्नी को लेकर विवाद था। आरोप है कि चार साल से छोटे भाई सबरूद्दीन की पत्नी उसके साथ नहीं रहती, जिसका कारण फखरूद्दीन है। कई बार इस बात को लेकर उनका आपस में विवाद भी हुआ। जब विवाद से बात नहीं सुलझी तो आज सबरूद्दीन ने बड़े भाई फखरूद्दीन को हत्या के इरादे से गोलियों से वार किया। गनीमत रही कि वह बच गया नहीं तो चली हुई चार गोलियां यदि फखरूद्दीन को लग जाती तो मामला वहीं का वहीं खत्म हो जाता।

## कचहरी गेट पर मारपीट करने वाले युवक थाने जाते-जाते गायब

**मुजफ्फरनगर, 2 अक्टूबर (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के कचहरी गेट के पास दो युवकों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के बाद सोशल मीडिया पर जब उनका वीडियो वायरल हुआ तो मारपीट की सूचना पर होमगार्ड मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों में बीच-बचाव कराने का प्रयास किया। मगर होमगार्ड की एक न चली और उनके सामने ही दोनों युवक खुलकर मारपीट करते दिखाई दिये। बाद में दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले आए और थाने से गायब युवक कहां गायब हो गए यह स्वयं पुलिस को भी नहीं पता। पुलिस ने इस मामले में जानकारी से ही इंकार कर दिया।



## उत्तराखंड की धड़कनों में बहता है राष्ट्र प्रेम : निशंक

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** रामपुर तिराहा शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे उत्तराखंड के पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि उत्तराखंड की धड़कनों में राष्ट्र प्रेम बहता है। उत्तराखंड के हरेक परिवार से जहां एक जवान सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश की गोद में पैदा हुआ उत्तराखंड आज देश के विकसित राज्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि काफी संघर्षों के बाद उत्तराखंड राज्य बना है, जिसे आदर्श राज्य बनाने का पूर्ण दायित्व अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का है। उन्होंने कहा कि अहिंसा दिवस पर वास्तव में आज रामपुर तिराहा कांड काला अध्याय बनकर रह गया है। यह आंदोलन राष्ट्र की भावनाओं को लेकर हुआ था, जिसे राजनीतिक बनाते हुए तत्कालीन सरकार ने उस वक्त आंदोलनकारियों पर क्रूर अत्याचार किया। उन्होंने देश की बेहतरी के लिए यहां के लोगों में विपिन रावत और अजीत डोभाल का जिक्र करते हुए कहा कि इन्होंने देश सेवा की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने वर्ष 2000 के बूढ़े राज्य को 2024 का युवा राज्य बनाने का काम किया, अब इस राज्य को मॉडल स्टेट बनाने का काम किया जा रहा है।



## मोदी ने गांधी और शास्त्री को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नयी दिल्ली, 02 अक्तूबर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ''सभी देशवासियों की ओर से पूज्य बापू को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित उनका जीवन और आदर्श देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा।'' अगले पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ''देश के जवान, किसान और स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।''



## लुटियन की दिल्ली में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर (एजेंसी)। आप ने अरविंद केजरीवाल के लिए नई दिल्ली में एक आवास की पहचान कर ली है। सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री आवास छोड़कर केजरीवाल अगले एक-दो दिन में सपरिवार शिफ्ट हो जाएंगे। सूत्र बताते हैं कि फिरोज शाह रोड पर स्थित आप के दो राज्यसभा सांसदों के लिए आवंटित आवासों में से किसी एक में केजरीवाल रह सकते हैं। दोनों सांसदों के आवास रवि शंकर शुक्ला लेन स्थित आप मुख्यालय के नजदीक भी हैं। इससे पार्टी दफ्तर तक उनकी पहुंच आसान रहेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल ने एलान किया था कि वह नवरात्र में मुख्यमंत्री आवास छोड़ देंगे। इसी बीच पार्टी ने केंद्र सरकार से मांग भी की कि बतौर राष्ट्रीय पार्टी अध्यक्ष केजरीवाल को नई दिल्ली इलाके में आवास दिया जाए, लेकिन अभी तक केंद्र सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

# योगी ने लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

**लखनऊ 02 अक्टूबर (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खादी आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा '' शास्त्री जी राष्ट्रपिता के अनन्य भक्त व अनुयायी थे। वे गांधी जी के आह्वान पर देश के आजादी के आंदोलन में जुड़े थे। उन्हें 1964 में प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। देश खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके, उसका परिणाम शास्त्री जी के छोटे कार्यकाल के दौरान भी देखने को मिला। '' योगी ने कहा कि 1965 में दुश्मन देश द्वारा थोपे गए युद्ध का जवाब भारत ने तेजस्विता के साथ दिया था। यह देश के उस स्वरूप को दिखाता है कि विश्व मानवता के कल्याण के लिए कार्य करेंगे, लेकिन हमारी सीमाओं पर कोई अतिक्रमण करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब भी देंगे। शास्त्री जी के नेतृत्व में उस समय भारत ने भी अपने पराक्रम का परिचय दुश्मन देश को कराया और विश्व के सामने भारत को वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित करने में योगदान दिया।






संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com





52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 274 बृहस्पतिवार, 03 अक्टूबर 2024 अश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये



## लेबनान ने उत्तरी इस्राइल पर दागे 240 रॉकेट

**तेअवीव, 2 अक्टूबर (एजेंसी)।** इस्राइली रक्षा बल ने कहा कि बुधवार को लेबनान से उत्तरी इस्राइल पर 240 से अधिक रॉकेट दागे गए। द टाइम्स ऑफ इस्राइल के मुताबिक आईडीएफ ने कहा कि पहले पश्चिमी गैलिली में 70 रॉकेट दागे गए। इनका असर खुले इलाकों पर पड़ा। शाम को अवीविम पर दो और रॉकेट दागे गए। इसके बाद पश्चिमी गैलिली में 30 और रॉकेट दागे गए, जो सभी खुले क्षेत्रों में गिरे। पश्चिमी गैलिली में हुए हमलों के दौरान कांच के टुकड़े या गिरे हुए छर्रे लगने से एक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। अन्य किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।



### तेल की कीमतों में उछाल

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में फिर से उछाल आया है। तेल की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं। जो 74.04 डॉलर पर थी। अमेरिकी बेंचमार्क क्रूड के दाम इस सप्ताह लगभग 3% ऊपर हैं।



स्वः उत्तम चन्द्र शर्मा
संस्थापक

52 YEARS ANNIVERSARY



बेमिसाल 52 साल

# बुलेटिन का रंगीन संस्करण

की दूसरी वर्षगांठ पर फिर लिया संकल्प, आपका बेबाक बुलेटिन अगले वर्ष 8 पेज का होगा।



**मुजफ्फरनगर बुलेटिन** को नित नये आयाम हासिल कराने वाले मुजफ्फरनगर बुलेटिन **पाठकों, विज्ञापनदाताओं, सहयोगियों, शुभचिन्तकों** का बुलेटिन परिवार हृदयतल की गहराईयों से अपनी 52 वीं वर्षगांठ पर आप सभी का आभार व्यक्त करता है। आपका आशीर्वाद और प्यार की बदौलत अगले वर्ष तक बुलेटिन ने आठ पृष्ठों का समाचार-पत्र आपके द्वार तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। आशा करते हैं कि आपका प्यार, विश्वास और आशीर्वाद बुलेटिन परिवार पर इसी तरह बना रहेगा।

**अंकुर दुआ**
सम्पादक- मुजफ्फरनगर बुलेटिन
सदस्य - भारतीय प्रेस परिषद्

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फनगर उत्तर प्रदेश पर विभिन्न माल मुकदमाती एमवीएक्ट लावारिस वाहन खडे हुए है जिनके खुले आसमान के नीचे खडे रहने से खुर्द बुर्द होने का अन्देशा है अत: निम्न वर्णित सूची में यदि किसी वाहन पर व्यक्ति का स्वामित्व हो तो 05 दिन के अन्दर थानाध्यक्ष शाहुपर मुजफ्फरनगर सम्पर्क सूत्र 9454404082 पर सम्पर्क करें। उक्त अवधि के उपरान्त निम्नलिखित वाहनों के निस्तारण/नीलामी की प्रक्रिया आरम्भ कर दी जायेगी।**

| क्र0 सं0 | मु0अ0स0 | धारा | वाहन का प्रकार | रजिस्ट्रेशन न0 | चैसिस नम्बर | इंजन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 132/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | हीरो होण्डा पैशन | UP 11 M 5764 | 04L09C37819 | 08M37766 |
| 2 | 143/2013 | 307/420/467/471/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी | सुपर स्पलैण्डर | UP 14 AP 4390 | A06589 | A06792 |
| 3 | 143/2013 | 307/420/467/471/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी | बजाज पल्सर | UP 12 X 4713 | 31210 | अपठित |
| 4 | 143/2013 | 307/420/467/471/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी | हीरो होण्डा पैशन | UP 12 AG 7360 | 15667 | 10367 |
| 5 | 564/2013 | 436 भादवि | मो0सा0(जली हुई) | बिना नम्बर | अपठित | अपठित |
| 6 | 464/2012 | 3/7 ई0सी0 एक्ट | कार मारुती वैन | DL 4 CL 4548 | अपठित | अपठित |
| 7 | 564/2013 | 436 भादवि | मो0सा0(जली हुई) | HR 42A 4236 | अपठित | अपठित |
| 8 | 324/2011 | 364/392 भादवि | मो0सा0 बुलैट | UP 17 0446 | 528465 | 528465 |
| 9 | 112/2021 | 302 भादवि | मो0सा0 सुजुकी जेउस | UP 12 N 1646 | MB8NF4BCJ68110423 | F479131300 |
| 10 | 166/2023 | 60/72 आबकारी अधि0 | मो0सा0 पैशन प्लस | HR 8G 7258 | 07B16F05353 | 07B15E05434 |
| 11 | 308/2023 | 392 भादवि | मो0सा0 अपाचे | UP 16 CF 3875 | MD634DE6932D01987 | DK6DK2401843 |
| 12 | 256/2023 | 307 भादवि व 3/25/27 ए एक्ट | हीरो होण्डा स्पलैण्डर प्लस | बिना नम्बर | MBLHAN22APHF50999 | निल |
| 13 | 215/2023 | 279/304ए भादवि | कार सैन्ट्रो | DL 7CN 5136 | MALAA51HL3N761057 | G5HGCM499287 |
| 14 | 367/2015 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | हीरो पैशन प्रो | UP 21 AJ 4801 | MBLHA10EWBHE40422 | HA10EDBHE43443 |
| 15 | 141/2022 | 414 भादवि | बजाज डिस्कवर | बिना नम्बर | MD2DSDSHHNCF51523 | DSGBNF71021 |
| 16 | 131/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | यामाहा एफजेड | UP 16 AB 5763 | ME121C06YA2023593 | 21C6023512 |
| 17 | 132/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | हीरो होण्डा स्पलैण्डर प्लस | UA 08 G 6322 | 06L16C22240 | 06L15M22803 |
| 18 | 132/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | मो0सा0 स्पलैण्डर | DL 2SAC 7790 | 03B20F13444 | 03B18F08533 |
| 19 | 106/2010 | 136/137 विद्युत अधि0 | कार मारुती 800 | DL 3CD 2260 | अपठित | अपठित |
| 20 | 184/2018 | 307/420 भादवि | कार सैन्ट्रो | UP 16 F 4333 | अपठित | अपठित |
| 21 | 452/2011 | 302/307/393 भादवि | मो0सा0 बजाज पल्सर | UP 17 B 9458 | अपठित | अपठित |
| 22 | 106/2022 | 414 भादवि | होण्डा साइन | बिना नम्बर | ME4JC36NHE704924 | JC36E73622889 |
| 23 | 205/2020 | 147/148/149/307/379/411/382/414 भादवि | हीरो होण्डा सीडी डीलक्स | DL 5SE 5210 | 06J29F13315 | 06G29E13053 |
| 24 | 205/2020 | 147/148/307/380/411/414 भादवि | TVS VICTOR | PB 15 B 6884 | N3309F749326 | अपठित |
| 25 | 205/2020 | 147/148/307/380/411/414 भादवि | बजाज डिस्कवर | UP 12 M 2359 | MD2DS22MCN67224 | DSGBNB43516 |
| 26 | 205/2020 | 147/148/307/380/411/414 भादवि | बजाज पल्सर | UP 12 M 2786 | DHVBMA12048 | DHGVMA10873 |
| 27 | 205/2020 | 147/148/307/380/411/414 भादवि | हीरो होण्डा स्पलैण्डर प्लस | UP 15 AB 4824 | 06H16F93525 | 06H15102751 |
| 28 | 205/2020 | 147/148/307/380/411/414 भादवि | बजाज पल्सर | HR 05 AC 0719 | MD2DHDH22TCK89090 | DHGBTK74444 |
| 29 | 176/2018 | 3/5(क)/8 सीएस एक्ट व 414 भादवि | मो0सा0 स्पलैण्डर | DL 5SJ 6324 | 97J19F01602 | 97J17E0162A |
| 30 | 184/2017 | 307 भादवि | बजाज पल्सर | UP 15 AN 4724 | MD2DHZZ4CH99294 | DHGBUH74261 |
| 31 | 155/2018 | 307 भादवि | बजाज सीटी 100 | UP 11 M 8647 | DUCBLH34669 | DUMBLH13864 |
| 32 | 351/2020 | 364/506/302/201/120 बी भादवि | एचएफ डीलक्स | DL 5SCH 4251 | अपठित | अपठित |
| 33 | 698/16 | 307/398/401 भादवि | पैशन प्रो | UP 13 AF 7550 | अपठित | अपठित |
| 34 | 348/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | UP 11 AQ 6627 | MBLHA10AMEH326294 | HA10EJEHF17975 |
| 35 | 348/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | UP 12 7157 | 05H16C27168 | 04M15M33882 |
| 36 | 366/2020 | 307/414 भादवि | होण्डा होरनेट | बिना नम्बर | अपठित | अपठित |
| 37 | 35/2016 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | स्पलैण्डर प्रो | UP 14 CA 5521 | MBLHA10ASDHF92066 | HA10ELDHF59119 |
| 38 | 260/2019 | 307/414 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | बिना नम्बर प्लेट | 04M16C26317 | 04M15M26521 |
| 39 | 205/2020 | 147/148/149/307/379/411/382/414 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | UP 15 Z 5132 | 00KBC30858 | 00K18M29699 |
| 40 | 414/2018 | 307/414 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | बिना नम्बर | MBLHA10EZB9G01206 | HA10EFB9G01729 |
| 41 | 160/2019 | 307 भादवि | मारुति कार | UP 12 D 2636 | अपठित | अपठित |
| 42 | 286/2018 | 307 भादवि | स्पलैण्डर | UP 11 S 8780 | 07B16C07972 | 12109 |
| 43 | 236/23 | 279/304ए/337/338/427 भादवि | सैन्ट्रो कार | DL 3C BF 1892 | अपठित | अपठित |
| 44 | 252/2019 | 08/20 एनडीपीएस एक्ट | स्पलैण्डर प्लस | बिना नम्बर | MBLHA10AMEHJ55610 | HA10EJEHJ56006 |
| 45 | 126/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | UK 17 A 3612 | अपठित | HA10EWFHF18592 |
| 46 | 278/2023 | 414/420/465 भादवि व 4/25 ए एक्ट | स्पलैण्डर प्लस | UP 12 AF 9218 | अपठित | अपठित |
| 47 | 427/2023 | 414 भादवि व 4/25 ए एक्ट | बजाज सीटी 100 | PB 56B 0141 | MD2DDDUZZMWL50692 | DUEBMG06888 |
| 48 | 008/23 | 457/380/411 भादवि | बजाज सीटी 100 | PB 29V 4420 | MD2A18AZ3FPD21766 | DUZPFD71959 |
| 49 | 454/2017 | 307/414 भादवि | स्कूटर LML बैस्पा | UP 12 E 7130 | C1LG635038 | E16LG628210 |
| 50 | 44/2023 | 147/148/149/307/323/504 भादवि | मारुति कार वैगनार | DL 5C F 3029 | अपठित | अपठित |
| 51 | 205/2020 | 147/148/149/307/379/411/382/414 भादवि | बजाज कावासकी | UP 25 M 1437 | DFRBJC05228 | DFMBJC36104 |
| 52 | 165/2020 | 147/148/149/307/414 भादवि | पैशन प्रो | बिना नम्बर | MBLHA10ER9GJ21904 | HA10ED9GJ22241 |
| 53 | 143/2013 | 307/420/467/471/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी | हीरो होण्डा स्पलैण्डर | UP 15 AB 6773 | 21573 | अपठित |
| 54 | 143/2013 | 307/420/467/471/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी | हीरो होण्डा स्पलैण्डर | UP 14 X 1530 | 16360 | E05384 |
| 55 | 132/2017 | 41/102 सीआरपीसी व 414 भादवि | बजाज कैलिवर | HR 10 D 2165 | DDFBGB69667 | DDMBGV19677 |
| 56 | 143/2013 | 307/420/467/471/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी | स्पलैण्डर प्रो | UP 15 AX 3972 | M 14430 | M 17072 |
| 57 | 327/2023 | 414 भादवि व 4/25 ए एक्ट | बजाज सीटी 100 | PB 56B 0141 | MD2DDDUZZMWL50692 | DUEBMG06888 |
| 58 | 444/18 | 307/414 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | बिना नम्बर | MBLHA10EZB9G01206 | HA10EFB9G01729 |
| 59 | 143/2013 | 307/420/467/471/411 भादवि व 41/102 सीआरपीसी | स्पलैण्डर प्लस | UP 15 AN 1247 | A 46885 | A 7295 |
| 60 | 019/2023 | 279/338/427 भादवि | सुपर स्पलैण्डर | UP 12 AL 1610 | MBLJA05EMF9K32427 | JA05ECF9K28396 |
| 61 | 74/2023 | 420/467/468/471 भादवि व 60/63/72 आब- अधि0 | ट्रक | UP 12 CT 8158 | अपठित | अपठित |
| 62 | 098/2023 | 279/304A/427/338 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | PB 11 BJ 6037 | MBLHA10AMDHF47887 | HA10EJDHF46088 |
| 63 | 354/2023 | 379/411 भादवि | सैन्ट्रो कार | UP 16 Z 1512 | MALAA51HLAM505814 | G4HGAM950905 |
| 64 | 327/2023 | 414 भादवि व 4/25 ए एक्ट | सीटी 100 | PB 56 B 0141 | MD2DDDUZZMWL50692 | DUEBMG06888 |
| 65 | 321/2023 | 279/337/338 भादवि | स्पलैण्डर प्लस | PB 42 A 6477 | अपठित | अपठित |
| 66 | 398/2023 | 147/148/354/323/364 भादवि | कार वैगनार | UP 14 FT 5053 | MA3EWDE1S00A89080 | K10BN7745328 |
| 67 | 387/2023 | 307/504 भादवि व 3/25/27 ए एक्ट | स्पलैण्डर प्लस | UP 12 BQ 5418 | MBLHAW237PHA72497 | HA44E8PHA8267A |
| 68 | 239/2010 | 380/511/307 भादवि | स्पलैण्डर मो0सा0 | बिना नम्बर | अपठित | अपठित |
| 69 | 017/2024 | 307/414/465 भादवि व 3/25/27 ए एक्ट | सीटी 100 | UP 12 BB 5633 | MD2B37AY6KPE16154 | PFYPKE28073 |
| 70 | 004/2024 | 279/304A भादवि | बजाज डिस्कवर | UP 11 Y 7380 | MD2DSDSZZNCL03363 | BSGBNL87505 |
| 71 | 080/2024 | 279/304A/337/338 भादवि | ई- रिक्शा | बिना नम्बर | अपठित | अपठित |
| 72 | 100/2024 | 379/411 भादवि | मारुति अल्टो कार | DL 5C F 3369 | अपठित | अपठित |
| 73 | 207/2024 | 279/304ए/337/338 भादवि | स्कोडा कार | UK 07 AL 7629 | TMBFKE5J4BG016764 | CFW126108 |
| 74 | 234/2024 | 281/125/106(1) बीएनएस | बजाज पल्सर केएस | UP 12 AJ 5150 | MD2A55FZ6FCM00087 | JLZCFM63754 |
| 75 | 278/2024 | 8/20 एनडीपीएस एक्ट | स्पलैण्डर प्रो | UP 15 BA3724 | MBLHA10ABC9C02598 | HA10EGC9C03351 |
| 76 | 285/2024 | 303(2)/317(2) बीएनएस | स्पलैण्डर प्लस | UP 12 BU 0736 | MBLHAW22XPHL00789 | HA11E7PHL01615 |
| 77 | 289/2024 | 305/317(2)/317(5) बीएनएस | हीरो होण्डा स्पलैण्डर | बिना नम्बर | अपठित | अपठित |
| 78 | 12.09.23 | 207 एमवीएक्ट | स्कूटर फसिनो | UP 15 CU 4663 | ME1SED19AJ0143822 | E3Y4E0198123 |
| 79 | 23.02.24 | 207 एमवीएक्ट | स्टार स्पोर्ट मो0सा0 | UP 12 AH 8921 | MD6225MF59E3C1447 | CF5BE1053004 |
| 80 | 05.03.24 | 207 एमवीएक्ट | पैशन प्लस | UP 14 X 6860 | 04M09C47071 | 04M8M47525 |
| 81 | 20.03.24 | 207 एमवीएक्ट | हीरो पैशन प्रो | GJ 18N 6398 | अपठित | अपठित |
| 82 | 21.03.24 | 207 एमवीएक्ट | हीरो पैशन प्रो | DL 5SY 7243 | MBLHA10ER9GB18511 | HA10ED9GB20871 |
| 83 | 26.03.24 | 207 एमवीएक्ट | स्पलैण्डर प्लस | UP 15 T 7242 | 04J6F09201 | 04J15E08936 |
| 84 | 04.05.24 | 207 एमवीएक्ट | हीरो पैशन प्रो | UP 14 BW 9978 | MBLAHA10AXCGM01675 | HA10ENCCGM13415 |
| 85 | 20.07.24 | 207 एमवीएक्ट | स्पलैण्डर प्लस | UP 12 BN 8594 | MBLHAW129NHK05361 | HA11EDNHK03633 |
| 86 | 08.08.24 | 207 एमवीएक्ट | स्टार स्पोर्ट मो0सा0 | UP 12 S 3236 | MD625MF5691D30376 | CF5D91238462 |
| 87 | 07.08.24 | 207 एमवीएक्ट | हीरो होण्डा स्पलेण्डर | DL 7SZ 4299 | 03E20C22580 | 03E8M14304 |
| 88 | 03.06.24 | 207 एमवीएक्ट | हीरो होण्डा ग्लेमर | DL 13SA 1607 | 07GAYC00004 | 07GASM01236 |
| 89 | 12.08.24 | 207 एमवीएक्ट | सुपर स्पलैण्डर | UP12BN6524 | MBLJAW173NGE08378 | JA07ABNGE10106 |
| 90 | 21.08.24 | 207 एमवीएक्ट | स्पलैण्डर | बिना नम्बर | 07A22F09658 | अपठित |
| 91 | 21.08.24 | 207 एमवीएक्ट | एचएफ डीलक्स | बिना नम्बर | MBLHA10EE9HH078 | अपठित |
| 92 | 03.09.24 | 207 एमवीएक्ट | एचएफ डीलक्स | HR26CH9849 | MBLHA11EWD9K19580 | HA11EEF9K25959 |
| 93 | 06.03.23 | लावारिस | हीरो होण्डा पैशन | HR16J1635 | अपठित | अपठित |
| 94 | 02.10.23 | लावारिस | बुलेट इन्फील्ड | बिना नम्बर | अपठित | अपठित |
| 95 | 08.06.24 | लावारिस | अपाचे | बिना नम्बर | अपठित | अपठित |

**थानाध्यक्ष**
**थाना शाहपुर**
**जनपद मुजफ्फरनगर**

# श्री राम के हाथों ताड़का वध देख प्रफुल्लित हुए लोग



**मीरापुर, 02 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में श्री रामलीला मण्डल के तत्वावधान में रामलीला बाजार में स्थानीय कलाकारों द्वारा मंचन की जा रही पुरानी रामलीला में भगवान श्री राम द्वारा ताड़का वध किए जाने की लीला देख लोग प्रफुल्लित हो उठें। पूरा रामलीला पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

रामलीला बाजार में आयोजित पुरानी रामलीला के चौथे दिन रामलीला का मंचन कर रहे स्थानीय कलाकारों द्वारा गुरु विश्वामित्र के आश्रम में व अन्य ऋषि मुनियों के द्वारा किये जा रहे यज्ञ में विघ्न डालकर उनका भक्षण करने वाली विशालकाय राक्षसी ताड़का का वध भगवान श्री राम द्वारा किये जाने की लीला का सुन्दर मंचन किया, जिसे देखकर लोग प्रफुल्लित हो उठे तथा पूरा रामलीला पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान व्यवस्था बनाने वालों में मुख्यरूप से पंकज कुमार संगल, अनिता पुष्कर शर्मा, रमन रस्तौगी, मोहित गर्ग, पुनीत रस्तौगी, गौरव पुष्कर शर्मा, आशीष संगल, तेजपाल वर्मा, राकेश वर्मा, संजय शर्मा, निशान्त माहेश्वरी, कमलेश वत्स शर्मा, अंकित अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## शिखर शिक्षा सदन में गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई



**मीरापुर, 02 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे के शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री की धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। सर्वप्रथम विद्यालय डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा व प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने पूर्व प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों महापुरुषों के जीवन पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने पेश किए। डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने महात्मा गांधी और शास्त्री के विचारों का उल्लेख करते हुए बच्ची को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पं. लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य, सादगी के सिद्धांतों पर चलकर भी महान कार्य किए जा सकते हैं।

# धनगर समाज ने कलेक्ट्रेट घेर मांगा आरक्षण, दी चेतावनी

**- प्रमाण पत्र न बनने की स्थिति में नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे बस्ते**






**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** बुधवार को अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की जयंती पर अखिल भारतीय धनगर समाज महासंघ के नेता अरविंद धनगर के नेतृत्व में देवी अहिल्याबाई होल्कर चौक से तिरंगा यात्रा प्रारंभ करने के साथ धनगर समाज के बच्चों व महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच धरना दिया। जिले के विभिन्न ग्रामों से आये सैकड़ों ग्रामीणों ने इस दौरान शासन-प्रशासन को धनगर समाज की अनदेखी किए जाने के आरोप लगाते हुए भविष्य में बड़ा आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी। कार्यक्रम में युवाओं की टोली करीब 151 फीट लंबा तिरंगा लेने के साथ में अन्य तिरंगों के साथ शामिल हुए। इस बीच धनगर समाज के बच्चों ने सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष अपने स्कूलों के बैग जमा करते हुए कहा कि एक ओर समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र जमा किए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में अधिकारी उनके स्कूल के बैग अपने पास ही रख ले। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को सौंपे ज्ञापन में अरविंद धनगर ने कहा कि 1952 से सर्टिफिकेट 1976 तक निरंतर उनके सताज के प्रमाण पत्र बनते रहे लेकिन कुछ षड्यंत्रकारी लोगों ने धनगर का एकाएक धनगढ़ कर दिया, जिसके बाद वर्ष 1976 से इस समाज के लोगों ने उच्च न्यायालय की शरण ली और न्यायालय ने साफ तौर पर आदेश जारी करते हुए कहा कि धनगर जाति के प्रमाण पत्र तुरंत बनने चाहिए, लेकिन इसके बाद भी प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। सरकार ने आदेश जारी किया उसके बाद सर्टिफिकेट बनने स्टार्ट हुए लेकिन फिर रोक दिए गए। धनगर जाति के लोगों ने प्रमाण पत्र बनवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से शिव कुमार, प्रदीप, सुनील, रवि, अनिल, सतीश, ओमवीर, राज कुमार, शेरपाल, सुमित, अमित, विनोद, जय सिंह, रामकुमार, राम मुकुट, हरपाल, मनोज व आनंद धनगर समेत सैकड़ों लोग व बच्चे इस दौरान मौजूद रहे।


## एसडी पब्लिक स्कूल में मनाई महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती



**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूबर (बु.)।** पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में बुधवार को बड़े उत्साहपूर्वक महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सैना, कार्यवाहक प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, जूनियर विंग इंचार्ज रचना जैन, इंचार्ज शशिकांत शर्मा, गीता मित्तल के करकमलों से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा सुंदर रामधुन व महात्मा गांधी के मधुर भजन वैष्णवजन का सुंदर गायन करके वातावरण को संगीतमय बना दिया। इस शुभ अवसर पर बच्चों द्वारा सुंदर कविताओं की प्रस्तुति की गई। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डा. विमल त्यागी द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया एवं उनके सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी गयी। इसी श्रृंखला में डायरेक्टर मैडम द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालने के साथ ही साथ उनके दिखाये गये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। पूरी दुनिया को अंहिसा का पाठ पढ़ाने वाले आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जय जवान-जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर समस्त एसडी परिवार शत्-शत् नमन करता है।

## प्रथम नवरात्र शेष : माँ दुर्गा की प्रथम शक्ति शैलपुत्री

मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती है। पर्वतराज हिमालय के वहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका यह 'शैलपुत्री' नाम पड़ा था। वृषभ-स्थिता इन माताजी के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। यही नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। अपने पूर्वजन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थीं। तब इनका नाम 'सती' था। इनका विवाह भगवान शंकरजी से हुआ था। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक बहुत बड़ा यज्ञ किया। इसमें उन्होंने सारे देवताओं कों अपना-अपना यज्ञ भाग प्राप्त करने के लिए निमन्त्रित किया। किन्तु शंकरजी को उन्होंने इस यज्ञ में निमन्त्रित नहीं किया। सती ने जब सुना कि हमारे पिता एक अत्यन्त विशाल यज्ञ का अनुष्ठान कर रहे हैं, तब वहां जाने के लिए उनका मन विकल हो उठा। अपनी यह इच्छा उन्होंने शंकर जी को बतायी। सारी बातों पर विचार करने के बाद उन्होंने कहा - 'प्रजापति दक्ष किसी कारणवश हमसे रूष्ट हैं। अपने यज्ञ में उन्होंने सारे देवताओं को निमन्त्रित किया है। उनके यज्ञ-भाग भी उन्हें समर्पित किये हैं, किन्तु हमें जान-बूझकर नहीं बुलाया है। कोई सूचना तक नहीं भेजी है। ऐसी स्थिति में तुम्हारा वहां जाना किसी प्रकार भी श्रेयस्कर नहीं होगा।' शंकरजी के इस उपदेश से सती का प्रबोध नहीं हुआ। पिता का यज्ञ देखने, वहां जाकर माता और बहनों से मिलने की उनकी व्यग्रता किसी प्रकार भी कम न हो सकी। उनका प्रबल आग्रह देखकर भगवान-शंकरजी ने उन्हें वहां जाने की अनुमति दे दी। सती ने पिता के घर पहुंचकर देखा कि कोई भी उनसे आदर और प्रेम के साथ बात-चीत नहीं कर रहा है। सारे लोग मुंह फेरे हुए हैं। केवल उनकी माता ने स्नेह से उन्हें गले लगाया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव भरे हुए थे। परिजनों के इस व्यवहार से उनके मन को बहुत क्लेश पहुंचा। उन्होंने यह भी देखा कि वहां चतुर्दिक भगवान शंकरजी के प्रति तिरस्कार का भाव भरा हुआ है। दक्ष ने उनके प्रति कुछ अपमानजनक वचन भी कहे। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से सन्तप्त हो उठा। उन्होंने सोचा भगवान शंकरजी की बात न मान, यहां आकर मैंने बहुत बड़ी गलती की है। वह अपने पति भगवान शंकर के इस अपमान को सह न सकी। उन्होंने अपने उस रूप को तत्क्षण वहीं योगाग्नि द्वारा जलाकर भस्म कर दिया। वज्रपात के समान इस दारूण-दुःखद घटना को सुनकर शंकरजी ने क्रुद्ध हो अपने गणों को भेजकर दक्ष के उस यज्ञ का पूर्णतः विध्वंस करा दिया। सती ने योगाग्नि द्वारा अपने शरीर को भस्म कर अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया। इस बार वह 'शैलपुत्री' नाम से विख्यात हुई। पार्वती, हैमवती भी उन्हीं के नाम हैं। उपनिषद् की एक कथा के अनुसार इन्हीं के हैमवती स्वरूप से देवताओं का गर्व-भंजन किया था। 'शैलपुत्री' देवी का विवाह भी शंकरजी से ही हुआ। पूर्वजन्म की भांति इस जन्म में भी वह शिवजी की अर्द्धांगिनी बनीं। नव दुगाओं में प्रथम शैलपुत्री दुर्गा का महत्व और शक्तियां अनन्त हैं। नवरात्र पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। उपासना में योगी अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योगसाधना का प्रारम्भ होता है।


या देवी सर्वभूतेषु
शक्ति–रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नम:।।
प्रथम नवरात्रा
माँ शैलपुत्री
नवरात्री
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
विशु तायल
श्री राम ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज

